CMYK
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 5:22 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 7:12 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 32 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 17 जुलाई 2025



आशिकी 2 से लेकर एक विलेन तक...पेज-3 पर

News कॉर्नर

### सड़क हादसे में घायल युवक की दो दिन बाद मृत्यु

**रुद्रपुर।** किच्छा चीनी मिल परिसर में स्कूटी और बाईक की भिड़ंत में घायल स्कूटी सवार युवक की घटना के दो दिन उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए भेजा। उधर परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक किशनपुर वार्ड 3 गोविंद नगर किच्छा निवासी प्रदीप कुमार चौहान पुत्र राजेश कुमार 15 जुलाई 25 को स्कूटी से घर जा रहा था। चीनी मिल परिसर में सामने से आ रही एक अन्य बाईक की भिड़ंत हो गई। इसमें प्रदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे किच्छा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया। यहां से चिकित्सकों ने अन्य रेफर कर दिया। सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया था। बताया जा रहा है कि बुधवार को प्रदीप को रेफर कर दिया। परिजन बरेली लेकर जा रहे। वहां पर भी चिकित्सकों ने मना कर दिया। परिवार के लोग वापस कहीं और जगह लेकर जा रहे थे। किच्छा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से जानकारी लेने के बाद शव पोस्टमार्टम को भेज दिया।

### दिल्ली की भाजपा विधायक पूनम भारद्वाज कांवड़ यात्रा में

**हरिद्वार।** हरिद्वार से जल उठाने के बाद शिवभक्त अपने-अपने गंतव्य की ओर लगातार रवाना हो रहे हैं। इस बीच दिल्ली की भाजपा विधायक पूनम भारद्वाज भी कांवड़ यात्रा में नजर आई। दिल्ली की भाजपा विधायक पूनम भारद्वाज ने कांवड़ यात्रा में भाग लिया। भगवान शिव में अटूट आस्था लिए श्रद्धालु नंगे पांव जल उठाकर लगातार अपने गंतव्य की ओर रवाना हो रहे हैं। आस्था के पथ पर शिवभक्तों का सैलाब दिखा। सुबह बारिश के बीच भी शिवभक्तों के कदम आगे बढ़ते रहे। हर-हर महादेव, बम बम भोले के जयघोष के साथ शिवभक्त अपने गंतव्य की ओर बढ़ते रहे। हरिद्वार से जल उठाने के बाद शिवभक्त अपने-अपने गंतव्य की ओर लगातार रवाना हो रहे हैं।

# इंदौर लगातार 8वीं बार भारत का सबसे स्वच्छ शहर

नई दिल्ली
एजेंसी

वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर लगातार आठवीं बार सबसे स्वच्छ शहरों में शीर्ष स्थान पर रहा। इसके बाद सूरत और नवी मुंबई का स्थान रहा। 3-10 लाख जनसंख्या वर्ग में नोएडा सबसे स्वच्छ शहर रहा, उसके बाद चंडीगढ़ और मैसूर का स्थान रहा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यहां आयोजित एक कार्यक्रम में विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। केंद्र सरकार के वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर को लगातार आठवीं बार भारत के



सबसे स्वच्छ शहर का खिताब मिला। ऐसे ही सूरत को दूसरा स्थान मिला। सर्वेक्षण के नतीजे आज गुरुवार को घोषित किए गए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय राजधानी स्थित विज्ञान भवन में

**सर्वेक्षण**
- सूरत दूसरे और नवी मुंबई तीसरे नंबर पर
- सर्वेक्षण के नतीजे आज गुरुवार को घोषित किए गए

आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय (एमओएचयूए) की ओर से आयोजित एक समारोह में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 पुरस्कार प्रदान किए। केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल और अन्य लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए। सरकार के मुताबिक, %स्वच्छ सर्वेक्षण% मिशन का मकसद बड़े पैमाने पर नागरिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। इसके साथ ही इससे समाज के सभी वर्गों के बीच कस्बों और शहरों को रहने के लिए बेहतर स्थान बनाने के लिए मिलकर काम करने के लिए जागरूक करने का प्रयास किया जाता है। नौवें वर्ष में प्रवेश करते हुए स्वच्छ सर्वेक्षण ने स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन और सेवा वितरण का मूल्यांकन किया। इसमें 10 मापदंडों और 54 संकेतकों का इस्तेमाल करते हुए 4,500 से अधिक शहरों को कवर किया गया।

सात मंदिरों का होगा सौंदर्यीकरण

# यूपी के प्राचीन शिव मंदिरों का कायाकल्प करेगी सरकार

लखनऊ
एजेंसी

उत्तर प्रदेश सरकार ने बीते आठ वर्षों में 188 प्राचीन मंदिरों का कायाकल्प और सौंदर्यीकरण करवाया है। इससे धार्मिक पर्यटन के साथ ही तीर्थयात्रियों की संख्या भी बढ़ रही है।

पर्यटन विभाग, यूपी प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन लि. और यूपी स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लि. के सहयोग से प्रदेश भर में पर्यटन ढांचे को मजबूत करने के लिए कई परियोजनाएं शुरू करने की तैयारी है। इसके तहत सरकार कई प्राचीन शिव मंदिरों का कायाकल्प करेगी। इनमें से अधिकांश मंदिर, पिछली सरकारों में उपेक्षा के कारण दुर्दशा के शिकार थे। बीते आठ साल में प्रदेश सरकार ने 188 प्राचीन मंदिरों का कायाकल्प व सौंदर्यकरण कराया है। सीएम के निर्देश से हो रहे इन कार्यों से न सिर्फ धार्मिक पर्यटकों व तीर्थयात्रियों की संख्या बढ़ रही है बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था और रोजगार के अवसरों को भी बल मिल रहा है।



इसी क्रम में आगरा के फतेहाबाद में भट्ठा की पिपरी मौजा मेवाली खुर्द स्थित शिव मंदिर परिसर, फिरोजाबाद में चकलेश्वर महादेव मंदिर और समौर बाबा मंदिर क्षेत्र में इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के कार्य यूपी प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन लि. से कराने की तैयारी है। गोरखपुर में भूलेश्वर मंदिर, खजनी महादेव शिव मंदिर और झारखंडी महादेव मंदिर के साथ गोंडा में तीरे मनोरमा मंदिर का पर्यटन विकास यूपी स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लि. द्वारा किया जाएगा। तो मैनपुरी जिले में घंटाघर का सौंदर्यीकरण यूपी प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन लि. से कराया जाएगा। वहीं, ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मिर्जापुर मंडल के तीन जिलों मिर्जापुर, भदोही और सोनभद्र में ग्रामीण पर्यटन विकास रणनीति तैयार करने और ग्रामीण होमस्टे विकसित करने के लिए एक एजेंसी का चयन किया जा रहा है। इसके तहत कुल 8 गांव में इस योजना को लागू करते हुए ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा।

# शॉपिंग मॉल में भीषण आग से इराक में जिंदा जले 50 लोग, कई झुलसे

नई दिल्ली/बगदाद
एजेंसी

इराक के एक हाइपरमार्केट में भीषण आग लग गई। इस दुर्घटना में 50 लोगों की मौत हो गई है। मौके पर राहत और बचाव कार्य जारी है

पूर्वी इराक के अल-कुट शहर के एक हाइपरमार्केट में भीषण आग लगने से 50 लोगों की मौत हो गई। ईराक की समाचार एजेंसी (आईएनए) ने प्रांतीय गवर्नर के हवाले से यह जानकारी दी है। इस दुर्घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें देखा जा सकता है कि पांच मंजिला इमारत में रात भर आग की लपटें

**घटना**
- पांच मंजिला इमारत में रात भर उठ्ती रहीं लपटें

उठती रहीं। रिपोर्ट के अनुसार, दमकल कर्मी आग बुझाने में लगे हुए हैं। मौके पर राहत और बचाव कार्य जारी है। फिलहाल अभी आग लगने का कारण पता नहीं चल पाया है। वहीं प्रांतीय गवर्नर ने कहा कि घटना की जांच की जा रही है। इसके शुरुआती परिणाम 48 घंटों के भीतर घोषित कर दिए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि घटना को देखते हुए हमने इमारत और मॉल के मालिक के खिलाफ मुकदमा दायर किया है।



# बलरामपुर से मुंबई तक छांगुर के 14 ठिकानों पर ईडी की कार्रवाई

बलरामपुर/यूपी
एजेंसी

अवैध धर्मांतरण के आरोपी छांगुर और उसके करीबियों के बलरामपुर समेत एक दर्जन से ज्यादा ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की है। उतरौला के 12 और मुंबई के दो ठिकानों को ईडी की टीमें खंगाल रहीं।

अवैध धर्मांतरण के आरोप में एटीएस की ओर से गिरफ्तार किए गए जमालुद्दीन उर्फ छांगुर मामले में प्रवर्तन निदेशालय 14 ठिकानों पर तलाशी ले रहा है, जिनमें से 12 उत्तर प्रदेश के बलरामपुर के उतरौला में और दो मुंबई में हैं। तलाशी आज सुबह 5 बजे शुरू हुई। ईडी ने उसके कांप्लेक्स की पड़ताल के साथ ही मधुपुर स्थित उसके आवास को भी खंगालना शुरू कर दिया है। इसके साथ ही ईडी छांगुर के करीबियों के घरों पर पहुंच कर छानबीन कर रही है। छांगुर को मधपुर में जमीन बेचने वाले पूर्व प्रधान जुम्मन के घर भी ईडी ने दस्तक दे दी। वहीं, सुबह से शहर के अन्य ठिकानों पर ईडी जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार, अवैध धर्मांतरण के आरोपी छांगुर के ठिकानों की पड़ताल बृहस्पतिवार की सुबह से ही शुरू हो गई। एटीएस के साथ ही ईडी की टीम ने भी छानबीन तेज कर दी है। उतरौला पहुंची टीम ने छांगुर से जुड़े करीब 12 ठिकानों की पड़ताल की।

# बाघों ने दो घंटे में तीन हमले... महिला की मौत, दो घायल

पीलीभीत
एजेंसी

पीलीभीत के न्यूरिया इलाके में बाघ के हमले से इंसानों की मौत का सिलसिला जारी है। बृहस्पतिवार को सुबह-सुबह बाघ ने एक महिला की जान ले ली। एक अन्य महिला व किशोर को घायल कर दिया। दो घंटे के अंतराल में हुई घटनाओं से इलाके में दहशत है।

पीलीभीत के न्यूरिया इलाके में दो किसानों की जान लेने वाले बाघों ने फिर आतंक फैला दिया। बृहस्पतिवार सुबह दो घंटे के अंतराल में बाघ ने अलग-अलग जगहों पर दो महिलाओं समेत तीन ग्रामीणों पर हमला कर दिया। इनमें मंडरिया गांव निवासी 50 वर्षीय तृष्णा की मौत हो गई। वह सुबह-सुबह खेत पर गई थीं, तभी बाघ उन्हें दबोच ले गया। उनका शव खेत से





बरामद हुआ। इससे 15 मिनट पहले मंडरिया के ही किशोर नीलेश पर बाघ ने हमला किया। नीलेश करीब 10 मिनट तक बाघ से लड़ता रहा। ग्रामीणों के शोर मचाने पर बाघ उसे छोड़कर भागा। मंडरिया से पहले सहजनिया और अनवरगंज गांवों में दूसरा बाघ देखा गया है। इस बाघ ने सुबह करीब छह बजे सहजनिया गांव निवासी मीना (50 वर्ष) पर हमला कर दिया। वह खेत पर जा रही थीं, तभी गन्ने के खेत से निकले बाघ ने उन्हें दबोच लिया और 20 मीटर तक खींच ले गया। ग्रामीणों के शोर मचाने पर बाघ छोड़कर भाग गया। हमले से मीना गंभीर घायल हो गईं। उनकी पीठ में गहरा घाव हुआ है। घायल अवस्था में उनको तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। सूचना मिलते ही डीएम ज्ञानेंद्र सिंह और एसपी अभिषेक यादव फोर्स के साथ गांव पहुंच गए। वन विभाग की टीमें भी गांव में मौजूद हैं। इलाके में बाघों की तलाश तेज कर दी गई है।

सोमवार सुबह करीब छह बजे बाघ ने न्यूरिया थाना क्षेत्र के गांव फुलहर निवासी दयाराम को हमला कर मार डाला था। सूचना पर पहुंचकर वन विभाग की टीम ने बाघ की निगरानी और पकड़ने का प्रयास शुरू किया। मंगलवार को दो हाथियों से निगरानी शुरू की गई। बाघ की लोकेशन जानने के लिए थर्मल ड्रोन भी उड़ाया गया।

गांव के आसपास ही खेतों में डेरा जमाए बाघ ने वन विभाग की टीम पर झपटने का प्रयास किया। इसके बाद गांव के बाहर खेतों में जाल भी लगाया गया।

# हरेला पर्व: धरा को हरा-भरा रखने का संकल्प लिया

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी नैनीताल में देवभूमि उत्तराखंड का लोक पर्व हरेला धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर लोगों ने घरों के साथ ही खाली स्थानों में पौधरोपण कर धरा को हरा-भरा रखने का संकल्प लिया।






नैनीताल वन प्रभाग के तहत हनुमानगढ़ी में उत्तराखंड हाईकोर्ट के मुखय न्यायाधीश जी.नरेन्द्र एवं अन्य न्यायाधीशगणों की उपस्थिति में बृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर

न्यायाधीशगणों द्वारा हरेला का त्यौहार मनाओ - धरती मां का ऋण चुकाओ एक पेड़ मां के नाम थीम के अन्तर्गत जंगल में पायी जाने वाली विभिन्न प्रजातियों के साथ ही फ लदार पौधे रोपित किए गए। इस दौरान माननीय मुखय न्यायाधीश जी नरेन्द्र सहित अन्य न्यायाधीशगण, उच्च न्यायालय व वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी आदि मौजूद रहे। कृषि विज्ञान केन्द्र ज्योलीकोट द्वारा विज्ञान केन्द्र पर हरेला पर्व आयोजित किया गया जिसके अर्न्तगत पन्त लेमन बीज रहित प्रजाति का नीबू का पौध वितरण किया गया। पौध वितरण के साथ ही साथ ग्राम दोगडा, गेठिया व गांजा व ज्योलीकोट की महिलाओं को केन्द्र के प्रभारी अधिकारी डा. सी तिवारी जी एवं डा. सुधा जुकारिया मौजूद रहे। पन्तनगर से आये वैज्ञानिकों डा. आर. के. शर्मा एवं डा. संजय चौधरी द्वारा भी तकनीकी जानकारी दी गयी, डा.बलवान सिंह द्वारा भी पेड लगाकर पर्यावरण को रोका जा सकता है इस विषय पर जानकारी दी गयी।

हरेला महोत्सव के उपलक्ष्य में स्नोव्यू स्थित गोल मार्केट में कंचन चंदोला राज्य आंदोलनकारी एवं महासचिव संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊँ मंडल विकास निगम के नेतृत्व में पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। इस उपलक्ष्य में भास्कर जोशी सेवानिवृत कर्मचारी,राजेंद्र सिंह बोरा, ललित आर्य, मदन सिंह चिलवाल, राम सिंह चिलवाल, उमेश व दिनेश आदि कई व्यापारी लोग मौजूद थे। कंचन चंदोला ने कहा पेड़ लगाने से ज्यादा उसे पेड़ को सुरक्षित रखना जरूरी है। उन्होंने कहा केवल फोटोग्राफ ी के लिए नहीं अपने अंतरात्मा से एक पेड़ धरती मां के नाम लगे और वह सुरक्षित भी रह सके इसलिए पेड़ों का सुरक्षित रहना अत्यंत जरूरी है।

ऑल सेंट्स कॉलेज में विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में विभिन्न पौधों के पौधे रोपित किए और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इससे पूर्व कार्यक्रम में हरेला को विधिवत काटा गया और विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अंजना रिचर्ड्स द्वारा बच्चों के सिर पर रखकर उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया गया। जय जननी जय भारत की टीम ने अयारपाटा में होली ऐंजल स्कूल के पास पौधरोपण किया। टीम के लीडर व सभासद मनोज साह जगाती के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में अनमोल, चेतन्य, पार्थ बिष्ट, दिव्यांश,प्रिया,परवेज आलम, जीशान अली व किरन रतुड़ी ने प्रतिभाग किया। राजकीय इंटर कॉलेज मंगोली में हरेला पर्व पर विगत वर्षों में लगाए गए फलदार वृक्षों की चारों ओर की खरपतवार निकाल कर साफ सफ ाई की गई। सभी पेड़ पौधों पर ट्री गार्ड लगाकर उनकी सुरक्षा का प्रबंध किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य चंद्रशेखर जोशी और विजयपाल ने छात्र-छात्राओं की मदद से पूर्व में रोपित वर्षों की साफ सफाई की गई। विद्यालय में अमरूद और दालचीनी के विभिन्न प्रजातियां के पौधे रोपित किए गए हैं। छात्रों वीरेंद्र सिंह, निर्मल व पारस ने विशेष सहयोग दिया। इस अवसर पर एनसीसी प्रभारी अर्जुन सिंह, स्काउट मास्टर भूपाल सिंह मेहता, एमडीएम प्रभारी रेखा पलड़िया, बाल सखा प्रभारी दीप्ति निखुर्पा, विनीता लोहनी, सीमा जोशी, राजेंद्र प्रसाद, कौस्तुबानंद कर्नाटक, प्रदीप सैनी, प्रकाश टमटा, मनोज कुमार, रतन वन गोस्वामी, प्रेम सिंह मेहरा, संजय कुमार और गणेश राम उपस्थित थे।

गेठिया गांव निवासी आचार्य पंडित प्रकाश जोशी गेठिया ने बताया कि गेठिया के भूमियां ज्यू मंदिर में भी प्रातः से अपराह्न तक हरेला चढ़ाने का सिलसिला जारी रहा। श्रद्धालु भक्तों द्वारा अपने कुल ईष्ट को स्नान कराकर रोली कुमकुम बताशे फल फूल चढ़ाने के उपरांत धूप दीप प्रज्वलित के बाद हरेला पूजन किया गया और कुल ईष्ट देव से अपने परिवार एवं समस्त ग्राम वासियों के सुख समृद्धि की कामना करते हुए हरेला पूजन किया गया। तदुपरांत घर जाकर परिवार के सभी सदस्यों को विधि पूर्वक आशीष वचनों के साथ हरेला पूजन किया गया।

## भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने पौधरोपण किया

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल के विद्यार्थियों ने वन विभाग नैनीताल के सहयोग से नैना पीक की तलहटी में0 पेड़ लगाए,जिसमें भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता समेत बिमला नगरकोटी, संतोष जोशी, राजेंद्र वर्मा, भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के छात्रावास अधीक्षक दीवान सिंह बिष्ट,प्रबंधक ज्योति प्रकाश समेत शेरवानी लाज के आकाश मेहता, मोहनलाल साह बाल विद्या मंदिर की छात्रा शताक्षी मेहता, वन विभाग के मनीष, कुंदन ,दीपक पांडे व ऋ षभ पांडे सहित दर्जनों छात्र मौजूद रहे नैना वन क्षेत्र नैनीताल वन प्रभाग नैनीताल के लड़ियाकांटा बीट जोखिया भूमियाधार ग्राम सभा में ललित मोहन कार्की वन क्षेत्राधिकारी नैना द्वारा हरेला पर्व हरेला का त्योहार मनाओ, धरती माँ का ऋण चुकाओ एक पेड़ माँ के नाम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरिता आर्या विधायक नैनीताल द्वारा नीबू का पेड़ रोपित कर उपस्थित वन विभाग के कर्मचारियों, एन0डी0आर0एफ0 के अधिकारी/ कर्मचारी व स्थानीय निवासीयों/जनप्रतिनिधियों को हरेला त्योहार की बधाई दी एवं साथ ही सभी को पौधे लगाने व उनके संरक्षण करने हेतु बताया गया। इसी दौरान वन विभाग के अधिकारी/कर्मचारीयों एवं स्थानीय निवासीयों व जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में नीबू, पुतली, पदम, तेजपात, बांज के पौधों का रोपण किया गया।



इस दौरान तेरपन रावत इंस्पेटर एन0डी0आर0एफ0 समेत अरविन्द सिंह पडियार, हरीश लाल साह, आनन्द सिंह व वन विभाग से अशोक कुमार,कुमार सौरभ,गोविन्द सिंह,0 रूपा, जितेन्द्र सिंह रावत, ललित व दीनदयाल अन्य वन विभाग व एन0डी0आर0एफ0 के कर्मचारी व स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।








## वृहद सफाई अभियान के साथ ही पौधरोपण कार्यक्रम

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

कोर एसेन्स लाइफ रूट फाउंडेशन की ओर से बुधवार को वृहद सफाई अभियान के साथ ही पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम कृष्णापुर रोड हनुमान गढ मंदिर के पास आयोजित किया गया था।

टीम द्वारा पांगर, बांज और पईया के लगभग 70 पौधे लगाए और लगभग 4 कट्टे कूड़ा निकाला गया। इस अभियान में राजेंद्र प्रसाद, ज्योति दुर्गापाल, प्रमोद उपाध्याय, प्रियांशु प्रसाद, गीतांजलि चंद, दिया आर्या, बीना बसेरा, शिवानी आर्या, हिमांशी आर्या, असरफ अली, पायल जोशी तथा याति बिष्ट, आद्रिका जोशी, साक्षी लोहनी व ध्रुव लोहनी व किरन आर्या एवं स्थानीय लोग शामिल थे। कृष्णापुर वार्ड के सभासद सुरेंद्र कुमार और वार्ड नंबर एक के सभासद रमेश प्रसाद भी कार्यक्रम में शामिल हुए। टीम के सदस्यों ने अपील की सभी लोग अपने आसपास के क्षेत्र को हरा-भरा बनाए रखें और कूड़ा-करकट खुले में न फेंके।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## गहना, जलना, सरना और सिमायल गांवों में दिखा प्रकृति के प्रति प्रेम

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड की लोक परंपराओं से जुड़े हरेला पर्व को इस बार भूमि संरक्षण वन प्रभाग नैनीताल द्वारा एक खास भाव के साथ मनाया गया। मुक्तेश्वर रेंज की गहना, जलना, सरना और सिमायल वन पंचायतों में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों, महिला समूहों और वन विभाग के कर्मचारियों ने मिलकर सैकड़ों पौधों का रोपण किया।



इस दौरान बांज, देवदार, अखरोट और बुरांश जैसी स्थानीय प्रजातियों के कुल 600 पौधे विभिन्न जगहों पर रोपे गए। हरेला कार्यक्रम की थीम 'एक पेड़ मां के नाम' रखी गई थी, जिसे ग्रामीणों ने पूरी आत्मीयता के साथ अपनाया और धरती मां के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पौधे लगाए। वन पंचायत गहना में इस आयोजन की खास बात यह रही कि यहां खुद भूमि संरक्षण वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी हेमचंद गहतोड़ी मौजूद रहे। उनके साथ पूर्व प्रधान राकेश कुमार, नव ज्योति महिला स्वयं सहायता समूह लेटीबूंगा की महिलाएं, गांव के लोग और वन विभाग का स्टाफ भी शामिल रहा। गहना वन पंचायत, जिसे प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा गोद लिया गया है, वहां विशेष रूप से 100 पौधे रोपे गए।

कार्यक्रम में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। उनके बीच 50 अखरोट के पौधे भी निःशुल्क वितरित किए गए ताकि वे अपने आंगन और खेतों के किनारे इन पौधों को रोप सकें।

## उत्साह और उल्लास के साथ मनाया हरेला पर्व

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

नगर के दुर्गापुर स्थित प्रतिष्ठित पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में बुधवार को देवभूमि उत्तराखंड की लोकपरंपरा और प्रकृति प्रेम के प्रतीक हरेला पर्व को बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया।



इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सूर्य प्रकाश द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर संस्कृत के आचार्य भुवन ने हरेला पर्व की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए इसकी परंपरागत मनाने की विधि को विद्यार्थियों को समझाया। उन्होंने बताया कि यह पर्व केवल हरियाली के स्वागत का नहीं अपितु प्रकृति के प्रति आभार प्रकट करने का भी पर्व है।

कार्यक्रम में डॉ. दिनेश नयाल ने कहा कि हरेला पर्व उत्तराखंड की एक समृद्ध परंपरा है जो हमें प्रकृति से जुड़ने तथा उसे बचाने और सम्मान देने की प्रेरणा देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे केवल पेड़ लगाने तक ही सीमित न रहें बल्कि उनके संरक्षण और संवर्धन में भी भागीदारी निभाएं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. सूर्य प्रकाश ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वास्तव में हरेला प्रकृति पूजा का त्योहार है, यह केवल उत्तराखंड तक सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि इसे पूरे भारतवर्ष ही नहीं पूरे विश्व को अपनाना चाहिए। हरेला हरियाली और पर्यावरण संतुलन का संदेश देता है,बोले-आज जब पूरी दुनिया ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन की गंभीर चुनौतियों से जूझ रही है ऐसे समय में हरेला पर्व की प्रासंगिकता और भी अधिक बढ़ जाती है। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। उन्होंने अपने घरों और आस पड़ोस में भी पेड़ लगाने का वचन लिया। इस अवसर पर घनश्याम ढोलगाई, पवन जोशी, डॉ माधव प्रसाद सनातनी, संजय मिश्रा, अरुण यादव,केतन बोरा सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित था।

# विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

आशा फाउंडेशन के द्वारा लगातार चले आ रहे जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को नगर के प्रतिष्ठित भारतीय शहीद सैनिक स्कूल में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से विशेष स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम किया गया, जिसके अंतर्गत भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय की लगभग 300 बालिकाओं और शिक्षिकाओं को जागृत करने के साथ-साथ उनका स्वयं की सुरक्षा के विषय में भी बताया गया ।

आशा फाउंडेशन की अध्यक्ष आशा शर्मा ने विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता और शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया। अध्यक्ष आशा शर्मा ने कहा कि उनकी यह मुहिम युवाओं के लिए और युवाओं के साथ है। उनका मानना है की कोई भी मुहिम युवाओं के बिना अधूरी है और आज के समय में कैंसर जैसी महामारी की गिरफत में युवा ज्यादा आ रहे हैं। उन्होंने बालिकाओं को आंतरिक रूप से मजबूत बनने के लिए कहा। कहा कि अगर कोई भी लडकी या महिला आंतरिक रूप से मजबूत है तो उसे बाहरी रूप के खतरे से निपटने में आसानी होती है। हमारे समाज में बहुत सी गलत अवधारणाओं के चलते बालिकाएं अपनी बात खुलकर नहीं कर पाती हैं और वह अधूरी जानकारी के चलते बीमारियों के गिरफत में आ जाती हैं । शर्मा ने बच्चियों को माहवारी के समय होने वाली सभी समस्याओं के बारे में बताया साथ ही उसका समाधान भी दिया गया। आज उनको बाजार में मिलने वाली पैड्स जो की हर किसी के लिए सामान्य रूप से मुहैया कराना संभव नहीं है। विद्यालय में जाकर बात करने से पता चला कि आज भी बहुत लोगों की पहुंच में पैड्स नहीं हैं ।आशा फ उंडेशन की मुहिम लगातार पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए और बाजार की पैड्स से होने वाले दुष्प्रभाव को देखते हुए रियूसैबिल पैड्स के ऊपर काम किया जा रहा है,आज सभी बालिकाओं और शिक्षिकाओं को कपड़े से बनी हुई रियूसैबिल पैड्स फ्री आशा फ उंडेशन द्वारा मुहैया कराए गए।




शर्मा ने बालिकाओं को स्तन कैंसर के विषय में भी बताया गया ताकि वह स्वयं की और अपने परिवार की प्रत्येक महिला को स्वयं परीक्षण के विषय में बता सके और कैंसर जैसी महामारी से बच सके। इस दौरान शर्मा के साथ स्टेट बैंक ऑफ इंडिया नैनीताल से अभिषेक भंडारी, हर्षवर्धन शाह, भावना जीना, प्रभा कुमारी उपस्थित रहे। आशा फाउंडेशन की ओर से मुन्नी तिवारी,नीलू एल्हंस, ईशा शाह, शगुन सलाल व बच्ची सिंह नेगी मौजूद रहे। संचालन डॉ. नीलम जोशी ने किया गया।

इस दौरान डा. रेनू बिष्ट और सभी शिक्षिकायें मौजूद थी। प्रधानाचार्य और स्टाफ ने आशा फ उंडेशन की टीम को स्मृति चिन्ह भेंट करने के साथ आभार व्यक्त किया।

# अभिमत

## प्रकृति और पर्व

***उत्तराखंड में हरेला पर्व सीधे तौर पर प्रकृति से जुड़ा है। प्राचीनकाल से वर्षा ऋतु में हरेला का पर्व धरती को हराभरा बनाये रखने के लिए मनाया जाता है। विकास कार्यों के लिए पेड़ काटे जाने से पर्यावरण को भारी क्षति हो रही है। पौधारोपण का दिखावा किया जा रहा है। इस साल स्कूलों में 'एक पेड़, मेरा दोस्त' कार्यक्रम के तहत पौधारोपण किया जा रहा है। दोस्त की तरह पौधे की देखभाल यदि की जाती है तो आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा के साथ ही पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।***

विश्व के सभी देशों में विभिन्न धर्मों और जातियों के लोग अलग-अलग तरीके से त्योहार मनाते हैं। सभी त्योहारों को मनाने का कोई न कोई कारण तथा इतिहास होता है। भारत में अधिकतर पर्वों का संबंध प्रकृति से होता है। उत्तराखंड में हरेला पर्व सीधे तौर पर प्रकृति से जुड़ा है। प्राचीनकाल से वर्षा ऋतु में हरेला का पर्व धरती को हराभरा बनाये रखने के लिए मनाया जाता है। विकास कार्यों के लिए पेड़ काटे जाने से पर्यावरण को भारी क्षति हो रही है। पौधारोपण का दिखावा किया जा रहा है। इस साल स्कूलों में 'एक पेड़, मेरा दोस्त' कार्यक्रम के तहत पौधारोपण किया जा रहा है। दोस्त की तरह पौधे की देखभाल यदि की जाती है तो आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा के साथ ही पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। विद्यार्थियों को स्कूल परिसर के अलावा अपने घर और आसपास में उचित स्थान पर पौधारोपण के लिए प्रेरित करने की जरूरत है। दरअसल उम्मीद है कि विद्यार्थी दिखावे के लिए पौधारोपण नहीं करेंगे। मानसून शुरू होने पर पौधारोपण का अभियान शुरू होता है। सरकारी स्तर पर नेता और अधिकारी पौधारोपण करते हुए फोटो खिंचवाते हैं। पौधारोपण अभियान के तहत हजारों पौधे लगाये जाते हैं। पौधारोपण करने वाले अगले दिन उस पौधे को देखते तक नहीं हैं। कोई भी व्यक्ति सिर्फ एक पौधा लगाये और उसे वृक्ष बनाने तक उसका पोषण करे। सरकारी विभागों के परिसर, उद्योगों और सड़क के किनारे हर साल पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन होता है। मीडिया में पौधारोपण के फोटो और समाचार की भरमार होती है। जिस स्तर पर अभियान चलाया जाता है, यदि उतने पौधों में से आधे भी वृक्ष बन जाते तो धरती पर पेड़ ही पेड़ नजर आते। सड़क चौड़ीकरण के तहत अंधाधुंध पेड़ काटे गये हैं। विकास कार्य के लिए पेड़ काटते समय कहा जाता है कि उसकी भरपाई के लिए अन्य जगह पौधारोपण किया जायेगा, लेकिन यह झूठ है। राज्य सरकार के स्तर पर इस बार 'एक पेड़, मां के नाम' अभियान चलाया जा रहा है। यदि मां की तरह पौधे की देखभाल की जाती है तो यह सराहनीय होगा। सच यह है कि बिना किसी प्रचार और दिखावे के पर्व के प्रति आस्था के अंतर्गत उत्तराखंड का जनमानस प्रकृति के प्रति समर्पित है। धर्म, संस्कृति से संबंधित त्योहार के कारण ही उत्तराखंड का अधिकांश क्षेत्र हराभरा है और हरेला पर्व की आस्था से ही पर्यावरण संरक्षण में राज्य का महत्वपूर्ण योगदान है।

## आलूखेत क्षेत्र निवासी युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**नैनीताल** । शहर के समीपवर्ती आलूखेत क्षेत्र निवासी युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। बीती रात युवक चोटिल अवस्था मे घर पहुंचा था। सुबह उसे बेसुध पड़ा देख स्वजन अस्पताल लेकर पहुंचे थे। युवक पालिका में संविदा पर तैनात था। पुलिस पंचनामे और पोस्टमार्टम की कार्रवाई में जुट गई है।

जानकारी के मुताबिक आलूखेत निवासी योगेश कुमार नगर पालिका नैनीताल में संविदा में तैनात था। पुलिस के मुताबिक वह मंगलवार रात करीब साढ़े दस बजे वह घर को जा रहा था। घर के समीप ही उसका पैर फिसला तो वह सडक पर जा गिरा। जिससे उसके चेहरे और कान में चोट आ गयी। किसी तरह वह घर पहुंचा और स्वजनों को घटना के बारे में बिना बताए सो गया। सुबह स्वजनों ने उसे बिस्तर पर बेसुध पड़ा हुआ देखा। आनन फानन में स्वजन उसे लेकर बीडी पांडे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# 376वें दिन जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

हरेला पर्व पर वरदायिनी मंदिर परिसर पिथौरागढ़ में वन विभाग पिथौरागढ़ द्वारा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में जनपद पिथौरागढ़ में सराहनीय कार्य करने वालों को सममानित करने के कार्यक्रम में बुधवार को जिलाधिकारी पिथौरागढ़ विनोद गिरि गोस्वामी व प्रभागीय वनाधिकारी आशुतोष सिंह व पुलिस अधीक्षक रेखा यादव के साथ ही कर्नल गौरव नेगी ने पर्यावरण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहे कुमाऊं मंडल विकास निगम के दिनेश गुरुरानी को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सममानित किया। दूसरी ओर बुधवार को लगातार 376वें दिन पौधरोपण आंदोलन जारी रहा।




बता दें कि दिनेश गुरुरानी द्वारा विगत कई वर्षों से जनपद में गुरना देवी वाटिका/ धूसाखान शिव मंदिर वाटिका/ कैलाश मानसरोवर यात्री वाटिका/ मां उल्का देवी वाटिका/ मां हिंगला देवी वाटिका मैं पौधा रोपण करने के साथ आदि कैलाश यात्रा मार्ग में स्थित गुंजी में यादों का जंगल जो यात्रियों के सहयोग से पौधारोपण के माध्यम से बनाया गया है। जिलाधिकारी विनोद गिरि गोस्वामी ने कहा कि दिनेश गुरु रानी द्वारा पर्यावरण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया जा रहा है। दिनेश गुरुरानी को उत्तराखंड के मुखयमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा एसडीजी गोलकीपर अवॉर्ड/ हिमालय मित्र सममान/ जलदूत सममान/ केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टमटा सहित पूर्व में भी जिला प्रशासन द्वारा व संस्थाओं द्वारा सममानित किया जा चुका है वहीं उनका नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी दर्ज हो चुका है । समारोह में अपर जिलाधिकारी/ मुखय विकास अधिकारी/ तहसीलदार/ एसडीओ समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# फिल्मी दुनिया

## आशिकी 2 से लेकर एक विलेन तक सैयारा के निर्देशक की फिल्मों का हाल






*निर्देशक मोहित सूरी अपनी फिल्म सैयारा को लेकर सुर्खियों में हैं। यह फिल्म कल यानी 18 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म से अनन्या पांडे के कजिन अहान पांडे डेब्यू करने वाले हैं। उनके साथ फिल्म में अभिनेत्री अनीता पड्डा हैं। फिल्म के ट्रेलर को दर्शकों ने काफी पसंद किया है। उम्मीद की जा रही है कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करेगी। मोहित सूरी के निर्देशन में बनी फिल्म आशिकी 2 काफी कामयाब रही थी। फिल्म में आदित्य रॉय कपूर और श्रद्धा कपूर अहम किरदार में थे। फिल्म में एक ऐसे आशिक की कहानी दिखाई गई है जो अपनी प्रेमिका को बड़ी गायक बनने में मदद करता है। हालांकि वह खुद अपने भविष्य की चिंता नहीं करता है। 15 करोड़ की लागत में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 109 करोड़ रुपये कमाए थे। साल 2014 में रिलीज हुई फिल्म एक विलेन को दर्शकों ने खूब प्यार दिया। मोहित सूरी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा और श्रद्धा कपूर हैं। फिल्म में एक ऐसे गैंगस्टर की कहानी दिखाई गई है, जिसे प्यार हो जाता है और वह अपने आपको बदलने का फैसला करता है। साल 2015 में रिलीज हुई फिल्म हमारी अधूरी कहानी में इमरान हाशमी और विद्या बालन ने अहम किरदार निभाया था। इसमें राजकुमार राव भी थे। फिल्म में एक शादीशुदा महिला की कहानी दिखाई गई, जिसे एक अमीर आदमी से प्यार हो जाता है। फिल्म एक विलेन की कहानी को आगे बढ़ाते हुए एक विलेन रिटर्न्स (2022) बनाई गई। इस फिल्म की कहानी चार किरदारों के आस-पास घूमती है। इसमें जॉन अब्राहम, अर्जुन कपूर, दिशा पाटनी और तारा सुतारिया हैं। मोहित सूरी द्वारा निर्देशित इस फिल्म को दर्शकों ने ज्यादा नहीं पसंद किया। साल 2020 में मोहित सूरी ने फिल्म मलंग का निर्देशन किया। फिल्म में आदित्य रॉय कपूर और दिशा पाटनी अहम किरदार में थे। फिल्म में एक आजाद ख्याल लड़की की कहानी दिखाई गई है जो अपनी जिंदगी बेखौफ तरीके से जीती है।*

### हाफ गर्लफ्रेंड

*साल 2017 में आई फिल्म हाफ गर्लफ्रेंड ने रिलीज होते ही धमाल मचा दिया था। मोहित सूरी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में अर्जुन कपूर और श्रद्धा कपूर अहम किरदार में थे। फिल्म में एक ऐसे जोड़े की कहानी दिखाई गई है जो एक साथ तो रहते हैं लेकिन किसी वजह से शादी नहीं करना चाहते हैं। ऐसे में श्रद्धा कपूर, अर्जुन कपूर की हाफ गर्लफ्रेंड बन जाती हैं। फिल्म की दर्शकों ने तारीफ की थी। 58 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 97.7 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।*

# तिकोनिया चौराहे पर शहर का पहला वर्टिकल गार्डन स्थापित

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

हरेला पर्व के पावन अवसर पर नगर निगम ने पर्यावरण संरक्षण और शहर की हरियाली बढ़ाने के लिए एक अनूठी पहल की है। तिकोनिया चौराहे पर शहर का पहला वर्टिकल गार्डन स्थापित किया गया है, जो हल्द्वानी में हरियाली की एक नई मिसाल बन गया है।

जिलाधिकारी वंदना के निर्देशन और वृक्षारोपण के लिए प्रदान की गई वित्तीय सहायता के साथ यह परियोजना सफलतापूर्वक पूरी की गई। नगर निगम ने विशेषज्ञों की मदद से इस वर्टिकल गार्डन में विभिन्न प्रजाति के ऑर्नामेंटल पौधे और लताएं लगाई हैं। यह गार्डन न केवल शहर की सुंदरता में इजाफा करता है, बल्कि प्रदूषण नियंत्रण, वायु शुद्धिकरण और तापमान संतुलन में भी सहायक साबित होगा। नगर निगम की इस पहल का मकसद हल्द्वानी को एक 'ग्रीन सिटी' के रूप में विकसित करना है, जिससे नागरिकों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण प्राप्त हो सके। तिकोनिया चौराहे पर तैयार यह वर्टिकल गार्डन पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने और शहर के लिए एक प्रेरणादायक कदम माना जा रहा है।



## News कॉर्नर

### ऑपरेशन कालनेमि के तहत फर्जी बाबा से पूछताछ

**नैनीताल ।** ऑपरेशन कालनेमि के तहत नैनीताल में पुलिस ने ठंडी सड़क से एक फर्जी बाबा को गिरफ्तार किया है। पुलिस कस्टडी में बाबा से पूछताछ की जा रही है।

बता दें कि सूबे के सीएम पुष्कर सिंह धामी की ओर से प्रदेश भर में चलाए जा रहे ऑपरेशन कालनेमि के तहत पुलिस कप्तान प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देश पर पुलिस की ओर से फर्जी बाबाओं के खिलाफ कार्रवाई की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को एसआई सतीश उपाध्याय पुलिस टीम के साथ ठंडी सड़क में गश्त कर रहे थे। इस दौरान ठंडी सडक में मंदिर के समीप एक बाबा पर उनकी नजर पड़ी। पुलिस को देख बाबा सकपकाने लगा तो पुलिस ने उसको पकड़ लिया। पूछताछ करने पर पता चला कि बाबा बनकर घूम रहा व्यक्ति का नाम लल्लू है जो मंगलवार व शनिवार या त्योहारों में बाबा बनकर नैनीताल में मांगने के लिए आता है। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि 65 साल का लल्लू मूलरूप से लखीमपुर यूपी का रहने वाला है जो वर्तमान में गफूर बस्ती हल्द्वानी में रहता है। बताया कि लल्लू के खिलाफ बीएनएस की धारा 172(2) के तहत कार्रवाई करते हुए हिरासत में लिया गया है।

### स्टंट करना पर्यटकों को महंगा पड़ा

**नैनीताल ।** नैनीताल- भवाली मार्ग पर कार के सीसे से बाहर निकलकर स्टंट करना पर्यटकों को महंगा पड़ गया। पुलिस ने मौके पर ही पर्यटकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए वाहन को सीज कर दिया। जानकारी के अनुसार एसओ रमेश बोरा भवाली रोड में निरीक्षण के लिए अपने वाहन से गये हुए थे। इस दौरान भूमियाधार के समीप एक वाहन यूपी 32- पीजेड 1631 में कुछ लोग सीसे बाहर निकलकर स्टंट कर रहे थे। इस दौरान एसओ ने वाहन को रोक लिया। पुलिस ने सीसे से बाहर निकलकर स्टंट करने की बात को गलत बताया तो पर्यटक पुलिस से ही उलझने लगे।

### भूलवश

हमारे समाचार पत्र **उत्तरांचल दीप** में नौ जुलाई 2025 को फ्रंट पेज पर हमारे संवादाता की ओर से **'खादी और खाकी के गठजोड़ से आम जन परेशान'** शीर्षक के नाम से प्रकाशित खबर को लेकर पुलिस अधीक्षक से हुई दूरभाष वार्ता को बयान समझकर भूलवश छप गया था, जो कि गलत है। जिसके लिए हम क्षमा चाहते हैं। महोदय भविष्य में इस तरह कोई खबरें हमारी ओर से प्रकाशित नहीं की जाएंगी।

**- संपादक**

# हंगामा: प्रेमी जोड़े का क्षेत्र के आक्रोशित लोगों ने किया विरोध

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



भोटियापड़ाव चौकी से कुछ ही दूरी स्थित आए दिन होटल में लगातार आ रहे प्रेमी जोड़े का क्षेत्र के लोगों द्वारा विरोध करने पर भारी हंगामा हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने होटल के कमरे में मिले महिला पुरुष से पूछताछ कर आवश्यक कार्रवाई कर उन्हें छोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार सुभाष नगर स्थित गली में एक होटल है। जिसमें पिछले कुछ दिनों से एक युवक आए दिन अलग अलग महिलाओं को लेकर आता है। इस पर बुधवार को क्षेत्र के लोगों के सब्र का बांध टूट गया। आक्रोशित लोगों ने इसका विरोध करते हुए हंगामा शुरू कर दिया।

जानकारी पर भोटियापड़ाव पुलिस चौकी और कोतवाल राजेश कुमार यादव मौके पर पहुंच गए। उन्होंने युवक-युवती के दस्तावेज जांचे तो वह बालिग मिले। लोगों का आरोप है कि उक्त होटल में युवक-युवती अकसर आते हैं, इससे क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है।

साथ ही होटल मानकों को ताक पर रखकर बनाया गया है। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने मौके पर हंगामा कर रहे लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया। बताया कि जांच में युवक-युवती बालिग मिले हैं। होटल प्रबंधन को हिदायत दी गई है कि कमरा देने से पहले यह देख लें कि लोकल लोगों को होटल क्यों चाहिए। एंट्री रजिस्टर में कमी पाए जाने पर पुलिस द्वारा 10 हजार रुपए का कोर्ट का चालान किया गया है। होटल में पकड़े गए युवक-युवती का पुलिस एक्ट में चालान किया गया है।

# रुद्रपुर और पंतनगर पुलिस की कच्ची शराब माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई, दो शराब तस्कर गिरफ्तार

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**



जनपद में आगामी त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के दृष्टिगत पुलिस का जनपद में नशे की रोकथाम के लिए अभियान चल रहा है। इसी अभियान के तहत थाना पंतनगर पुलिस ने गश्त के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से कच्ची शराब बरामद की। पुलिस पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम राजेंद्र पुत्र जसवीर सिंह निवासी फूलसूंगी थाना ट्रांजिट कैंप रुद्रपुर बताया। पुलिस ने तस्कर के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया। थानाध्यक्ष सुंदरम शर्मा ने बताया कि तस्कर से 31 लीटर बरामद हुई। पुलिस की कार्रवाई के दौरान एसआई अनिल मेहता, हेड कांस्टेबल मनोज कुमार आदि पुलिस कर्मी शामिल रहे। उधर रुद्रपुर पुलिस ने भी अवैध शराब की रोकथाम एवं बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत एसपी सिटी डॉ उत्तम सिंह नेगी एवं क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर के निर्देशन और प्रभारी निरीक्षक मनोज रतूड़ी एवं एसएसआई नवीन बुधानी के नेतृत्व में चौकी रम्पुरा पुलिस ने गश्त के दौरान बारादरी रोड प्रीत विहार नंबर 2 स्थित ग्राउंड के पास से एक युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से कच्ची शराब बरामद की। पूछताछ में उसने अपना नाम राहुल कुमार पुत्र कल निवासी नई बस्ती खानपुर थाना बिलासपुर रामपुर उत्तर प्रदेश बताया। एसएसआई ने बताया कि रबड़ की ट्यूब में 50 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। उसके विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।पुलिस टीम एएसआई नवीन जोशी, महेंद्र कुमार, गणेश धानिक आदि पुलिस कर्मी शामिल रहे।

# ट्रांजिट कैंप के आजादनगर नाले में मिला शव, हड़कंप

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र आजादनगर नाले में एक व्यक्ति का शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने वहां मौजूद लोगों से जानकारी लेने के बाद शव पोस्टमार्टम को भेजा है।

मृतक की जेब से आधार कार्ड मिला है। आधार कार्ड में बरेली अंकित है। पुलिस के मुताबिक गुरुवार सुबह थाना पुलिस को सूचना मिली कि आजादनगर के नाले में एक व्यक्ति पड़ा है। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक मोहन चंद्र पांडे मय पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने नाले से शव निकाला। प्रभारी निरीक्षक ने बताया

**घटना**

- मौके पर पहुंची पुलिस,शव नाले से निकाल पोस्टमार्टम को भेजा
- शव पर प्लास्टिक का कटा पड़ा था, आधार कार्ड में बरेली निवासी अंकित

कि शव नाले में उल्टा पड़ा था और शव प्लास्टिक के कट्टे से ढका था। मृतक की जेब से आधार कार्ड मिला था। उस पर बरेली के तजुआ निवासी देव रतन पुत्र रामेश्वर दयाल अंकित था। उन्होंने बताया कि मौत की पुष्टि पोस्टमार्टम से होगा। फिलहाल पुलिस बरेली पुलिस से संपर्क कर रही है। आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले जा रहे हैं।

# हरेला पर्व पर स्टेडियम, कलेक्ट्रेट परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**



हरेला महापर्व पर स्पोर्टस स्टेडियम, कलेक्ट्रेट व कैंप कार्यालय परिसर में जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, सीडीओ दिवेश शाशनी, एडीएम पंकज उपाध्याय, कौस्तुभ मिश्र अधिकारियों ने पौधरोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

जिलाधिकारी ने लोकपर्व हरेला की बधाई देते हुए कहा कि हरेला हरियाली व खुशहाली का त्यौहार है पौधारोपण के साथ ही उसकी सुरक्षा अति आवश्यक है। उन्होने जनमानस का अवाहान करते हुए कहा कि पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे। उन्होंने लोगों से कहा कि एक पेड़ मां के नाम अवश्यक लगायें। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार सभी सरकारी, गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है।हरेला पर्व जीवन व पर्यावरण से जुड़ा हुआ है। इस दौरान स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत सेल्फी प्वांट पर सेल्फी ली व सभी को मतदान की शपथ भी दिलाई। इस दौरान नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल,सीएमओ डॉ केके अग्रवाल, एसडीएम मनीष बिष्ट, ओसी गौरव पाण्डेय, मुख्य उद्यान अधिकारी प्रभाकर सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ आशुतोष जोशी, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत, जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन आदि मौजूद रहे।

# महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ का सेवन किया, मौत

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

थाना ट्रांजिट कैंप में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में तबियत बिगड़ गई। परिजन उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से जानकारी लेने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस के मुताबिक मंगलवार को ट्रांजिट कैंप वार्ड नंबर दो

**घटना**

- किच्छा रोड किसी कंपनी में काम करती थी
- पुलिस जांच कर रही, सुसाइड नोट भी नहीं मिला पुलिस को

निवासी 37 वर्षीय सुनीता देवी पत्नी चन्दन राजभर की तबियत बिगड़ गई। महिला की तबियत बिगड़ती देख परिवार के लोग अस्पताल लेकर पहुंचे। बताया जा रहा है कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से जानकारी ली। बाद में पुलिस ने शव को पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम को भेजा है। पुलिस के मुताबिक महिला किसी जहरीले पदार्थ का सेवन किया है। जहरीला पदार्थ कौन सा सेवन किया, पोस्टमार्टम के बाद ही पता चलेगा। मृतका मूल निवासी- ग्राम गाविया, थाना माधो टांडा, पीलीभीत यूपी। महिला किच्छा रोड किसी कंपनी में काम करती थी। पति भी सिडकुल की कंपनी में काम करता है। एक बेटा है।

# हरेले पर्व पर पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच के प्रांगण में फलदार पौधे रोपे

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

अखिल भारतीय महिला सम्मेलन की सदस्यों ने हरेला पर्व के अवसर पर हीरानगर स्थित पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच के प्रांगण में आम और लीची के पौधे रोप कर हरेला पर्व मनाया। इस पौधरोपण का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देना रहा।

कायक्रम के मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष बिमला संगुड़ी रहीं, जिन्होंने पौधे लगाते हुए कहा कि वृक्षों का महत्व मानव जीवन के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए भी बहुत जरूरी है। बढ़ते प्रदूषण और मौसम में हो रहे बदलाव को स्थिर करने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। सचिव नीरजा बोरा, उपसचिव निर्मला जोशी, कोषाध्यक्ष कामिनी पाल और अन्य पदाधिकारीगण भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर हल्द्वानी के विभिन्न सामाजिक एवं महिला संगठनों के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मंच के संरक्षक हुकुम सिंह कुंवर, सचिव देवेंद्र तोलिया, कोषाध्यक्ष त्रिलोक बनौली सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी लोगों को हरेला पर्व की शुभकामनाएँ दी और वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डाला। हरेला पर्व पर वृक्ष लगाना शुभ माना जाता है, क्योंकि यह पर्यावरण के संरक्षण और जीवन के संरक्षण का प्रतीक है। कार्यक्रम में कविता कर्नाटक, विमल पांडे, नीमा रावत, किरण क्वीरा, राजेश्वरी भंडारी, इंद्रा नगरकोटी, भारती रौतेला, गीता बृजवासी समेत अनेक महिलाएं एवं पदाधिकारी उपस्थित रहीं। सभी ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया और वृक्षारोपण को उत्साहपूर्वक संपन्न किया।



# मेहरा गांव में कांग्रेस प्रत्याशी के चुनावी कार्यालय का शुभारंभ

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**




कांग्रेस पार्टी के अधिकृत 24 मेहरा गांव क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी जिशांत कुमार के चुनावी कार्यालय का शुभारंभ भवाली स्थित घोड़ाखाल तिराहा पर विधिवत रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र की जनता के साथ साथ कांग्रेस परिवार के अनेक वरिष्ठ नेता एवं जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष एवं विधायक बाजपुर यशपाल आर्य,पूर्व विधायक संजीव आर्य, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट, नगर पालिकाध्यक्ष भवाली पंकज आर्य,नगर अध्यक्ष नैनीताल अनुपम कबड्वाल, नगर अध्यक्ष कंचन सुयाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष देवेंद्र चुनौतिया समेत प्रशांत जोशी, पंकज बिष्ट तथा सभी गणमान्य जन भी कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे।

उद्घाटन समारोह में वक्ताओं ने जिशांत कुमार के सामाजिक कार्यों, युवा नेतृत्व क्षमता और जनसेवा के प्रति समर्पण को सराहा साथ ही क्षेत्रीय विकास के लिए उनके विजन को समर्थन देने का आह्वान किया। जिशांत कुमार ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह कार्यालय केवल चुनाव का केंद्र नहीं बल्कि जनता की सेवा और संवाद का एक खुला द्वार है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण एवं युवा शामिल हुए जिससे क्षेत्र में चुनावी उत्साह का माहौल देखने को मिला।

# 65 वर्षीय बुजुर्ग की अचानक तबियत बिगड़ी

**नैनीताल ।** शहर के समीपवर्ती अयारपाटा निवासी 65 वर्षीय बुजुर्ग की अचानक तबियत बिगड़ गई। स्वजन उन्हें लेकर बीडी पांडे अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक अयारपाटा निवासी 65 वर्षीय अख्तर अली लंबे समय से हृदय की बीमारी से जूझ रहे थे। बीते दिनों ही चिकित्सकों ने उन्हें सर्जरी का सुझाव दिया था। बुधवार सुबह अचानक उनकी तबियत बिगड़ी तो वह बेसुध हो गए। आनन-फ ानन में स्वजन उन्हें बीडी पांडे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कोतवाल हेम चंद्र पंत ने बताया कि शव स्वजनों को सौप दिया गया है।